डीजी परिपत्र संख्या-05 /2026
यक्ष परिपत्र संख्या- 03/2026

राजीव कृष्णा,
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।
पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक- जनवरी 28, 2026

| प्राथमिकता – 1<br>**Zero Tolerance against crime and criminals** |
|---|

प्रिय महोदया/ महोदय,

जैसा कि आप अवगत है यक्ष ऐप के सम्बन्ध में **यक्ष परिपत्र संख्या 01/2026 व 02/2026** निर्गत करने के उपरान्त **दिनांक 24/01/2026, 25/01/2026 व 27/01/2026** को सभी जोन, रेन्ज के नोडल अधिकारी, कमिश्नरेट/जनपद के नोडल अधिकारी व डीसीआरबी प्रभारी तथा सभी थानों के कम्प्यूटर ऑपरेटर को यक्ष ऐप के सम्बन्ध में **व्यवहारिक प्रशिक्षण** दिया गया है।

दिनांक 27.01.2026 को व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरान्त "यक्ष ट्रेनिंग ऐप" को बन्द करते हुये "मुख्य यक्ष ऐप" का Access **थाना स्तर पर प्रदान कर दिया गया है।**

मुख्य यक्ष ऐप पर सर्वप्रथम थाने के थाना प्रभारी/कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा **URL- yaksh.ai** के द्वारा **Yaksh Web Dashboard** खोलकर थाना प्रभारी के सीयूजी नम्बर से लॉगिन करते हुये **दिनांक 28/01/2026 से 31/01/2026** तक सर्वप्रथम **निम्न कार्यवाही** की जायेगी जैसा कि परिपत्र संख्या 02 व व्यवहारिक प्रशिक्षण में बताया गया है-

1- **थाना का वर्गीकरण**
2- **कर्मी सत्यापन**
3- **गाँव / मोहल्ला का सत्यापन**
4- **हल्का/चौकी सत्यापन**
5- **बीट सत्यापन**

उक्त कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त प्रदेश के सभी थानों के लिये **अपराधी सत्यापन** का विकल्प खोल दिया जायेगा।


यक्ष ऐप में त्रिनेत्र, सीसीटीएनएस, पहचान ऐप में वर्तमान में उपलब्ध अपराधियों का डाटा मुख्य ऐप में बैकएण्ड से अपलोड कर दिया गया है। **आपराधिक सत्यापन के अन्तर्गत** आपके थाना क्षेत्र में निवास करने वाले अपराधियों का विवरण प्रदर्शित होगा। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी का दायित्व होगा कि वे अपने थाना क्षेत्र के अपराधियों के गांव/मोहल्लो का सत्यापन करें।

# अपराधी सत्यापन प्रक्रिया


थाना स्तर द्वारा Web Dashboard में SHO के CUG No से OTP के माध्यम से लॉगिन करते हुये अपराधियों के पते का सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जो निम्नवत है-

**1. स्वचालित गाँव मिलान (Auto Matching)-**

ऐसे अपराधी के गाँव का नाम जो **Address fetched by AI** कॉलम में अंकित हैं और ऐप के डेटाबेस से Match हो गये है तो वह गाँव बैकएंड से स्वतः ही **Add/Update Village/Mohalla** कॉलम में अपडेट कर दिया गया है,





ऐसे मामलों में तथा नीचे प्रदशित हो रहे **Village Verified के Check Box** में टिक कर सत्यापित करने की कार्यवाही की जायेगी।





**2. गाँव न मिलने पर हाइलाइट-**

ऐसे अपराधी के गाँव का नाम जो **Address fetched by AI** कॉलम में अंकित हैं और ऐप के डेटाबेस से Match नहीं हुये हैं उन्हे **Orange colour से Highlight** कर दिया गया है। ऐसी दशा में **SHO द्वारा मैनुअल सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी।** Address fetched by AI कॉलम में अंकित गांव के नाम को **Add/Update Village/Mohalla** कॉलम में **<u>Drop Down List</u>** से सेलेक्ट करके सत्यापित करेंगे। कार्यवाही का स्क्रीनशॉट निम्नवत है-



**3. CCTNS FIR से सत्यापन-**

ऐसे अपराधी जिनमें **Address fetched by AI** कॉलम में पता अंकित नहीं है ऐसी दशा में FIR Number के कॉलम में **CCTNS FIR** का Option दिया गया है, जिस पर Click करके FIR के विवरण से अपराधी के गांव/मोहल्ले का विवरण प्राप्त करते हुये **Add/Update Village/Mohalla** कॉलम में अभियुक्त के गांव/मोहल्लो को **Drop Down List** से सेलेक्ट करके सत्यापित करेंगे। कार्यवाही का स्क्रीनशॉट निम्नवत है-




*Note-*

*I-* ***प्रत्येक थाने पर औसतन 300 – 500 अपराधी सत्यापन हेतु प्रदर्शित होंगे जिनमें से 5-10 अपराधियों के सत्यापन उपरोक्तानुसार नहीं हो सकेगा तो इस सम्बन्ध में CCTNS से FIR चैक करेगें या सम्बन्धित थाने जहाँ FIR पंजीकृत हुई वहां से सम्पर्क करते हुये अपराधी के सही गांव की जानकारी करते आपसी समन्वय से सत्यापन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।***

*II-* ***हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्येक अपराधी के सही गांव का अंकन हो सके, ताकि सम्बन्धित बीट कर्मी को सत्यापन के समय अपराधी का सही गांव प्रदर्शित हो।***

*III-* ***अगर अपराधी Other State का है तो इस सम्बन्ध में थाना स्तर पर डैशबोर्ड पर किसी भी विकल्प का चयन नहीं करना है। Other State के अपराधियों के सत्यापन के सम्बन्ध में कार्यवाही मुख्यालय स्तर से की जायेगी।***

**4. गाँव/मोहल्ला सत्यापन विकल्प-**

Address fetched by AI कॉलम में अंकित अपराधी के गांव/मोहल्ले को Database के गांव/मोहल्ले से मैप करने के पश्चात **Add/Update Village/Mohalla** कॉलम में मैप हुये गांव/मोहल्ला के नीचे दो चेकबॉक्स के विकल्प दिये गये है-

i. **Village Verified-** जब गाँव का पता सही हो, सत्यापित हो, और आपके थाने के अंतर्गत आता हो, तब इसे चुनें।

ii. **Village Not Belong to My Thana-** जब गाँव सही हो लेकिन किसी अन्य थाने के अंतर्गत आता हो, और गलती से आपके थाने में दिख रहा हो, तब इसे चुनें।

**5. गाँव सत्यापन स्थिति (Village Verification Status)-**


Dashboard के ऊपर "Village Verification Status" नाम का एक फ़िल्टर दिया गया है, जिसमें निम्न विकल्प प्रदर्शित होते है-

i. **All-** इस विकल्प सभी अपराधियों की सूचि प्रदर्शित होगी।

ii. **Village Verified-** इस विकल्प उन अपराधियों की सूचि प्रदर्शित होगी जिनके गांव मैप कर दिये गये है।

iii. **Village Not Belong to My Thana-** इस विकल्प में उन अपराधियों की सूचि प्रदर्शित होगी जिनके गांव अन्य थाना क्षेत्र में पड़ते है।

iv. **Not selected-** इस विकल्प में उन अपराधियों की सूचि प्रदर्शित होगी जिनके गाँव मैप होने हेतु शेष है।




इस **Filter** की मदद से SHO सत्यापित और मैपिंग हेतु लंबित अपराधियों के गांव/मोहल्लों की सूचि को आसानी से देख और प्रबंधित कर सकता है। उक्त अपराधी सत्यापन की कार्यवाही थाना स्तर से दिनांक 01/02/2026 से 10/02/2026 तक पूर्ण की जानी है।

## गांवों/मोहल्ला तथा महत्वपूर्ण/संदिग्ध स्थल/सीसीटीवी की Geo Tagging

दिनांक 01/02/2026 से 10/02/2026 तक बीट कर्मी द्वारा अपने बीट में पड़ने वाले गांवों/मोहल्ला तथा महत्वपूर्ण/संदिग्ध स्थल/सीसीटीवी की Geo Tagging की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। इस सम्बन्ध में परिपत्र संख्या **02/2026** दिनांक **17/01/2026** में वर्णित कार्यवाही क्रमशः **मेरे गांव/मोहल्ला** तथा **बीट के महत्वपूर्ण क्षेत्र/सीसीटीवी के Option** का चयन कर **Geo Tagging** करेंगे।

मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आपके सामूहिक प्रयासों से प्रदेश में यक्ष ऐप का सफल क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा सकेगा।

भवदीय,

(राजीव कृष्णा)

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / जनपद प्रभारी उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।